प्रेषक,

आवश्यक ई–मेल

जिला समाज कल्याण अधिकारी
बरेली।

सेवा में,

1. नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति,समस्त विश्वविद्यालय–बरेली।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी–बरेली।
3. जिला विद्यालय निरीक्षक–बरेली।
4. निदेशक/प्राचार्य, उच्च शिक्षण संस्था बरेली।
5. संयुक्त निदेशक, प्रावाधिक शिक्षा–बरेली।

पत्रांक 662 /स0क0/छा0वृ0/2019–20 दिनांक 31-5-19

महोदय,

निदेशक, समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या सी–487/स0क0 दिनांक 16.05.2019 के कम मे जिला समाज कल्याण अधिकारी बरेली के प्रेस विज्ञप्ति पत्रांक 512 दिनांक 21.05.2019 का अवलोकन करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा आपको अवगत कराया गया था कि वर्ष 2019–20 से छात्र/छात्राओं के आधार नम्बर का ऑनलाइन वैरीफिकेशन के पश्चात छात्रवृत्ति आवेदन पत्र सम्मिलित हो सकेगा। इस प्रकिया मे छात्र/छात्राओ का नाम, पिता/पति का नाम/लिंग आदि का सत्यापन होने के पश्चात आधार नम्बर से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 भेजा जायेगा। उक्त ओ0टी0पी0 को आवेदन पत्र मे भरने के उपरान्त आवेदन पत्र सम्मिलित किया जा सकेगा।

अतः आप उक्त के कम मे निम्न बिन्दुओं से छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करे।

- सभी छात्र के पास आधार नम्बर उपलब्ध होना चाहिए, जिन छात्रों के पास आधार नम्बर नही है उन्हे प्रत्येक दशा मे आधार कार्ड बनवा लेना चाहिए।
- जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है तत्काल आधार कार्ड को मोबाइल नम्बर से लिंक कर दे।
- हाई स्कूल अंक पत्र/प्रमाण पत्र मे अंकित अपने नाम तथा अपने माता पिता का नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड मे अपना व माता–पिता का नाम अपडेट करा ले।
- हाई स्कूल अंक पत्र/प्रमाण पत्र मे अंकित जन्म तिथियों को आधार कार्ड मे अपडेट करा ले।

उक्त प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिए इसका कियान्वयन तत्काल कराने का कष्ट करे।

भवदीय

31.05.19

(अशोक दीक्षित)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
बरेली।

पृ0सं0 /तददिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित की सेवा मे सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, बरेली।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
4. उपनिदेशक, समाज कल्याण बरेली मण्डल बरेली।

जिला समाज कल्याण अधिकारी
बरेली।

AD 660

ई–मेल

निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश।

संख्या C-487 /स0क0/शिक्षा–अ/3/159/2019–20

लखनऊः दिनांकः 16 मई, 2019

समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषय–:छात्रों के आधार नम्बर अपडेट कराने के सम्बन्ध में।

आप अवगत है कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रों के आनलाइन आवेदन पत्र में छात्रों के आधार नम्बर भरने की व्यवस्था पूर्व से ही है। चालू वित्तीय वर्ष 2019–20 से छात्रों के आधार नम्बर आनलाइन वेरीफिकेशन के पश्चात आवेदन पत्र सब्मिट हो सकेगा। इस प्रकिया में छात्रों का नाम, पिता/पति का नाम व लिंग आदि का सत्यापन होने के पश्चात आधार नम्बर से लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 भेजा जायेगा। उक्त ओ0टी0पी0 को आवेदन पत्र में भरने के उपरांत आवेदन पत्र सब्मिट किया जा सकेगा।

उपरोक्त प्रकार की कार्यवाही किये जाने हेतु छात्रों के स्तर पर निम्न कार्यवाही किया जाना है :–

1– सभी छात्रों के पास आधार नम्बर उपलब्ध होना चाहिये, जिन छात्रों के पास आधार नम्बर नहीं है उन्हें प्रत्येक दशा में आधार कार्ड बनवा लेना चाहिये।

2– जिन छात्रों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है। तत्कम में आधार कार्ड को अपने मोबाइल नम्बर से लिंक करा लें।

3– हाई–स्कूल अंकपत्र/प्रमाण–पत्र में अंकित अपने नाम तथा अपने माता–पिता का नाम के अनुरूप ही आधार कार्ड में अपना व माता–पिता का नाम अपडेट करा लें।

4– हाई–स्कूल अंकपत्र/प्रमाण–पत्र में अंकित जन्म तिथि को आधार कार्ड में अपडेट करा लें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यों के कियान्वयन हेतु अपने जनपद के समस्त शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय समाचार पत्रों, पम्पलेट तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर प्रसारित कराना सुनिश्चित करें। यह कार्यवाही प्रत्येक दशा में दिनांक 10–06–2019 तक पूर्ण कर ली जाय।

15-5-19

(जगदीश प्रसाद)
निदेशक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त मण्डलीय उपनिदेशक, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

(जगदीश प्रसाद)
निदेशक